*“बाप तो सदा बच्चों के सेवाधारी हैं। पहले बच्चे। बाप तो बैकबोन है ना !! सामने मैदान पर तो बच्चे ही आते हैं। मेहनत बच्चों की मुहब्बत बाप की। अच्छा” -*

**- अव्यक्त मुरली 22.10.2017 (रिवाइज 18.02.1983)**

# बापदादा बैकबोन है तो.....

1. कभी भी कोई टेन्शन, चिन्ता नहीं होगी।
2. सदैव निमित्तपन का भाव बना रहेगा।
3. सेवा करते समय बाबा साथ अनुभव होगा।
4. समय पर यथार्थ टचिंग होती रहेगी।
5. हर कार्य करते डबल लाईट रहेंगे।
6. निरन्तर उमंग-उत्साह कायम रहेगा।
7. सदा अथक बन सेवा करते रहेंगे।
8. निश्चित ही निश्चिन्त अवस्था रहेगी।
9. मन में किसी प्रकार की हलचल नहीं होगी।
10. किसी प्रकार का प्रश्न नहीं होगा।
11. ड्रामा का हर सीन कल्याणकारी अनुभव होगा।
12. अचल-अडोल, एकरस अवस्था बनी रहेगी।
13. भयमुक्त, निर्भय स्थिति होगी।
14. सदा शक्तिशाली स्थिति रहेगी।
15. निरन्तर योगयुक्त अवस्था रहेगी।
16. ज्ञान का मनन-चिन्तन होता रहेगा।
17. बापदादा जैसे संस्कार बनते जायेंगे।
18. संगठन में मिलकर चलना सहज लगेगा।
19. बापदादा की छत्रछाया का अनुभव होता रहेगा।
20. खुशियों से मन सराबोर रहेगा।
21. एक-दो को आगे बढ़ाने में खुशी होगी।
22. मन-वचन-कर्म सब सफल होंगे।
23. कर्मों के प्रभाव से मुक्त रहेंगे।
24. सम्बन्ध-सम्पर्क में व्यवहार मीठा होगा।
25. वर्तमान संगमयुग में मौज का अनुभव करेंगे।
26. हर सेकेण्ड सुखदायी अनुभव होगा।
27. भविष्य को लेकर कोई आशंका नहीं होगी।
28. बापदादा के महावाक्यों का कदर होगा।
29. बापदादा की हर बात प्यारी लगेगी|
30. बापदादा जैसा बनना सहज लगेगा।
31. परिस्थितियां भी खेल अनुभव होंगी।
32. कभी भी मूंझ की अवस्था नहीं होगी।
33. सदा उड़ती कला का अनुभव होता रहेगा।
34. माया मुंह उठाकर भी नहीं देख सकती।
35. माया दूर से ही नमस्कार कर लौट जाएगी।
36. पुरानी दुनिया से उपराम होते जायेंगे।
37. सदा बेहद की सेवा में तत्पर रहेंगे।
38. कभी भी मूड ऑफ नहीं होगा।
39. जीवन में सदा ही रूहानियत रहेगी।
40. रूहानी शक्ति से सदा भरपूर रहेंगे।
41. देह से डिटैच होना सहज अनुभव होगा।
42. सदा स्वमान की सीट पर सेट रहेंगे।
43. दूसरों को भी सदा सम्मान देते रहेंगे।
44. सबके हित का ही ख्याल चलेगा।
45. टाइम कभी भी बर्बाद नहीं करेंगे।
46. हर घड़ी को अंतिम घड़ी समझ पुरुषार्थ करेंगे।
47. बाबा के ज्ञान-रतनों से खेलते रहेंगे।
48. दूसरों को भी ज्ञान-रतनों से भरपूर करते रहेंगे।
49. अन्य आत्माओं को योगानुभूतियां करायेंगे।
50. निरंतर बाबा की आवाज कानों में सुनाई देगी।
51. बाप बैकवोन है तो सदा ही रोम-रोम पुलकित होता रहेगा....................।

★ ओम शांति ★